# अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों

**निम्नलिखित अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा लगभग 20 शब्द है।**

**1. संधि एवं संयोग में क्या अंतर है?**

उत्तर- दो या दो से अधिक वर्षों के मिलने से पैदा हुए विकार को संधि तथा दो वर्गों के मिलने से कोई विकार उत्पन्न न हो तो संयोग कहलाता है।

**2.समास' शब्द की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर- दो या दो से अधिक शब्दों के परस्पर मेल या योग को समास कहते हैं। जैसे–विद्या का मंदिर = विद्या मंदिर।

**3. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- किसी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना।

**4. 'आप भले तो जग भला' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- जो खुद अच्छा है उसके लिए सब अच्छे हैं।

**5. चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?**

उत्तर- वह एक देशभक्त था, नेताजी सुभाषचन्द्र की मूर्ति पर सदैव चश्मे लगाता था। इसलिए लोग उसे

कैप्टन कहते थे।

**6. एक कहानी यह भी' रचना में मन्न भण्डारी के साथ-साथ और किसका व्यक्तित्व उभरकर आया**

उत्तर- मन्नू भंडारी के साथ-साथ उनके पिताजी का व्यक्तित्व उभर कर आया जो क्रोधी, शक्की अहंभाव वाले थे।

**7. 'सुषिर-वाद्यों' से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर- मुह से फूंककर बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों को सषिर-वाद्य कहते हैं। यह वाद्य छेद वाले अन्दर से खोखली या पोली नली वाले होते हैं जैसे-बाँसुरी, शहनाई।

**8. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किससे की गई है?**

उत्तर- उद्धव के व्यवहार की तुलना जल में रहने वाले कमल के पत्तों और जल में पड़ी तेल की गगरी से की गई।

**9. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है?**

उत्तर- यह रामचरितमानस के 'बालकाण्ड' से लिया गया है, जिसमें सिया-स्वयंवर में शिव धनुष भंग होने पर क्रोधित परशुराम आते हैं।

**10. 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?**

उत्तर- प्रस्तुत कविता में पीड़ित प्यासे जनों की प्यास बुझाने और सुखकारी शक्ति के रूप में क्रान्तिकारी पुरुष तथा समाज को नवजीवन देने वाले कवि के रूप की ओर संकेत करता है।

**11. 'माता का अँचल' पाठ के उन प्रसंगों के नाम लिखिए जो आपके दिल को छू गए हों।**

उत्तर- माता द्वारा तोता, मैना, कबूतर उड़ाने वाला खेल करके खाना खिलाना, साँप निकलने पर दौड़ कर माता से चिपटना प्रसंग हैं जो दिल को छू जाते हैं।

**12. 'साना-साना हाथ जोड़ि...' यात्रावृत्त में भारत के किस क्षेत्र की यात्रा का वर्णन है?**

उत्तर- इस यात्रा-वृत्त में पूर्वोत्तर भारत के सिक्किम राज्य की राजधानी गंगटोक और उसके आगे हिमालय की यात्रा का वर्णन है।

**13. संधि एवं समास में क्या अन्तर है?**

**उत्तर-** सन्धि में वर्गों के मेल से विकार उत्पन्न होता है जबकि समास में दो या दो से अधिक पदों का मेल होता है।

**14. अव्ययी भाव समास की परिभाषा लिखिए।**

**उत्तर-** जिस समास में पहला पद अव्यय और दूसरा संज्ञा हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।

**15. आँख फेर लेना मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर-** आँख फेर लेना मुहावरे का अर्थ है-दृष्टि हटा लेना।

**16. अन्धेर नगरी चौपट राजा लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर-** अन्धेर नगरी चौपट राजा लोकोक्ति का अर्थ है–प्रशासक की अयोग्यता पर धाँधली।

**17. कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर चश्मा क्यों लगाता था।**

**उत्तर-** कैप्टन नेताजी के प्रति सम्मान, आदर की भावना से पूरित होकर चश्मा लगाता था।

**18. 'एक कहानी यह भी' रचना में लेखिका पर अपने पिता के कारण कौन-से नकारात्मक प्रभाव पडे?**

**उत्तर-** लेखिका हीन भावना से ग्रस्त तथा 'बहुत' अपनों के विश्वासघात के कारण चिड़चिड़ी और शक्की हो गई थी।

**19. बिस्मिल्ला खाँ की महत्त्वपूर्ण जिजीविषा क्या थी?**

**उत्तर-** संगीत को सम्पूर्णता के साथ सीखना तथा सच्चे सुर की साधना बिस्मिल्ला खाँ की महत्त्वपूर्ण जिजीविषा थी।

**20. हारिल पक्षी के उदाहरण द्वारा किस तरह के प्रेम की स्थापना की गई है?**

**उत्तर-** हारिल पक्षी के उदाहरण द्वारा एकनिष्ठ प्रेम की स्थापना की गई है।

**21. धनुष के टूटने पर लक्ष्मण ने कौनसे तर्क दिए?**

**उत्तर-** वह शिव धनुष पुराना था। श्रीराम ने उसे नया जानकर हाथ लगाया और वह हाथ लगते ही टूट गया।

**22. कवि निराला ने बादल को 'अनंत के घन' क्यों कहा?**

**उत्तर—** अनंत के दो अर्थ हैं—आकाश और ईश्वर। बादल ईश्वर के प्रतिनिधि बनकर आते हैं और करुणा-जल बरसाते हैं।

**23. लेखक ने माता के अंचल को क्या कहा है?**

**उत्तर—** लेखक ने माता के अंचल को प्रेम और शान्ति के चंदोवे की छाया कहा है।

**24. 'साना-साना हाथ जोड़ि........' पाठ में गंतोक प्रवास के दौरान लेखिका की कौन-सी साध पूर्ण न हो सकी?**

**उत्तर-** गंतोक प्रवास के दौरान लेखिका की कंचनजंघा को देखने की साध पूर्ण न हो सकी।

**25. उपसर्ग एवं प्रत्यय में क्या अन्तर है?**

उत्तर--- शब्दों के आदि में जुड़कर शब्दों के अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश उपसर्ग तथा शब्दों के अन्त में जुड़कर शब्दों के अर्थों में विशेषता लाने वाले शब्दांश प्रत्यय कहलाते हैं।

**26. तत्पुरुष समास की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर- जिस समास में पहले पद की विभक्ति का लोप हो और दूसरा पद प्रधान हो, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

**27. 'ऊहापोह में होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- ऊहापोह में होना अर्थ–दुविधा में होना।

**28. 'रामजी की चिरई राम जी का खेत' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- रामजी की चिरई रामजी का खेत अर्थ–सब कुछ ईश्वर का है।

**29. 'लखनवी अंदाज' पाठ में लेखक ने खीरा खाने को क्यों मना किया?**

उत्तर– लेखक ने देखा कि नवाब साहब सिर्फ औपचारिकता निभाने तथा कोरा शिष्टाचार हेतु खाने को पूछ रहे हैं इसलिए मना किया।

**30. 'एक कहानी यह भी' रचना में मन्नू भण्डारी बचपन में कैसी दिखती थी?**

उत्तर- लेखिका मन्नू भण्डारी बचपन में मरियल-सी, दुबली एवं काली दिखती थी।

**31. बिस्मिल्ला खाँ साहब के बचपन का क्या नाम था?**

उत्तर--- बिस्मिल्ला खाँ साहब के बचपन का नाम अमीरुद्दीन था।

**32. गोपियों ने 'तेल की गगरी' सादृश्य किसे बताया है?**

उत्तर- गोपियों ने तेल की गगरी सादृश्य उद्धव को बताया है जो कृष्ण के साथ रहकर भी प्रेम से रिक्त है।

**33. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद में' 'कुम्हड़बतिया' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है?**

उत्तर--- 'राम-लक्ष्मण-परशुराम' संवाद में कुम्हड़बतिया शब्द का प्रयोग कमजोर व्यक्ति के पक्ष में किया गया है।

**34. 'उत्साह' कविता में कवि ने बादलों को ही सम्बोधित क्यों किया है?**

उत्तर-- कवि ने बादलों को सम्बोधित इसलिए किया है, क्योंकि बादल गर्जन और सृजन के प्रतीक हैं और कवि का प्रिय विषय भी हैं।

**35. 'जॉर्ज पंचम की नाक' कहानी में सरकारी खैरख्वाह किन्हें कहा गया है, उनकी मूल चिन्ता क्या थी? ।**

उत्तर--- कहानी में सरकार के शुभचिन्तकों को सरकारी खैरख्वाह कहा गया है। उनकी मूल चिंता सरकार के चलते रहने की थी।

**36. 'तिस्ता नदी के किनारे के बिखरे पत्थरों पर बैठ कर लेखिका के मन में एक नया बोध जाग्रत हो गया था।' वह नया बोध क्या था?**

उत्तर— हमारी पीढ़ी ने प्रकृति के लय, ताल और गति के साथ खिलवाड़ कर अक्षम्य अपराध किया है। यह लेखिका के लिए नया बोध था।

**37. जाति वाचक और व्यक्ति वाचक संज्ञा में क्या अन्तर है?**

उत्तर- जातिवाचक संज्ञा में किसी एक जाति या एक वर्ग की सभी वस्तुओं का बोध होता है जबकि व्यक्तिवाचक संज्ञा में किसी विशिष्ट व्यक्ति या. स्थान का बोध होता है।

**38. कर्मधारय समास की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर- जिस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य हो, उसे कर्मधारय समास कहते हैं।

**39. 'मुँह में पानी आना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर--- 'मुँह में पानी आना' मुहावरे का अर्थ-खाने के लिए ललचाना।

**40. 'आगे कुआं पीछे खाई' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर-- 'आगे कुआँ पीछे खाई ' लोकोक्ति का अर्थ-सब ओर से विपत्ति में फँसना।

**41. बालगोबिन भगत अपने खेत की पैदावार को कहाँ और क्यों ले जाते थे?**

उत्तर- बालगोबिन भगत अपने खेत की पैदावार को भेंट रूप सिर पर लादकर वीरपंथी मठ में ले जाते थे।

**42. 'लखनवी अंदाज' पाठ में नवाब साहब ने आम आदमियों की तरह खीरा क्यों नहीं खाया?**

उत्तर- क्योंकि वे लेखक को अपनी नवाबी शान, खानदानी तहजीब, लखनवी नफासत, और नजाकत दिखाना चाहते थे।

**43. 'एक कहानी यह भी' रचना की लेखिका के पिताजी का स्वभाव कैसा था?**

उत्तर- लेखिका के पिताजी एक तरफ कोमल, संवेदनशील थे तथा दूसरी तरफ क्रोधी, शक्की और अहंकारी भी थे।

**44. कवि अपनी आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहता? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए।**

उत्तर- कवि अपनी आत्मकथा इसलिए लिखना नहीं चाहता है, क्योंकि उनकी बातें सबके सामने प्रकट हो जाएँगी जिससे उसकी सरलता की हँसी सभी उड़ायेंगे।

**45. 'छाया मत छूना' का भावार्थ क्या है?**

उत्तर-- यही कि छाया यानि यादें। बीते मधुर क्षणों की यादें वर्तमान में दुःख देती हैं। हमें उन यादों को छूना नहीं चाहिए।

**46. कवि ने लड़की को धुंधले प्रकाश की पीठिका क्यों कहा है? 'कन्यादान' कविता के आधार पर लिखिए।**

उत्तर- क्योंकि उसके सामने वैवाहिक जीवन के सुखों का धुंधला प्रकाश ही था। वह जीवन के अन्य आने वाले दुःखों से अनजान थे।.

**47. 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए कि मइयाँ भोलानाथ को किस प्रकार कन्हैया बनाती थी?**

उत्तर- भोलानाथ के सिर पर कड़वा तेल और काजल की टीकी लगाकर उसके बाल गूंथती और उसमें फूलदार लटू बाँधकर उसे रंगीन कुरता-टोपी पहनाकर कन्हैया बना देती थी।

**48. तमाम वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद इस देश की ग़त्मा एक जैसी है। 'साना-साना हाथ जोडि........ पाठ की लेखिका की ऐसी सोच का क्या कारण था?**

उत्तर-- तमाम वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद आज भी सारे देश में अंधविश्वास, पाप-पुण्य की अवधारणाएँ और कल्पनाएँ एक जैसी ही हैं।

**49. क्रिया और क्रिया विशेषण में क्या अन्तर है?**

उत्तर- क्रिया में किसी कार्य का करना पाया जाता है जबकि क्रिया विशेषण क्रिया का बोध कराते हैं।

**50. सन्धि की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर- दो या दो से अधिक 'ध्वनियों या अक्षरों के मेल को सन्धि कहते हैं।

**51. 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ है-'क्रोधित होना'

**52. 'ऊँची दुकान फीका पकवान' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- 'ऊँची दुकान फीका पकवान लोकोक्ति का अर्थ है-प्रदर्शन और कोरा दिखावा।

**53. चश्मा लेखक की नजर में किसका प्रतीक है? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए।**

उत्तर- लेखक की नजर में चश्मा देशभक्तों को सम्मान देने एवं देश प्रेम का ही प्रतीक है।

**54.बालगोबिन भगत ने समाज की प्रचलित दो कौनसी महत्त्वपूर्ण मान्यताओं को चुनौती दी।**

उत्तर- भगतजी ने पतोहू के हाथों पुत्र को अग्नि दिलवाई तथा पतोहू के भाई को विधवा-विवाह करने के लिए कहा।

**55. बिस्मिल्ला खाँ साहब को कौन-कौनसे पुरस्कारों से नवाजा गया था?**

उत्तर- भारत रत्न, पद्मविभूषण तथा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के साथ अनेक विश्वविद्यालयों की ढेरों मानद उपाधियों से पुरस्कृत किया गया था।

**56. गोपियों के अनुसार राज्य का धर्म क्या होना चाहिए?**

उत्तर- गोपियों के अनुसार राजा का धर्म प्रजा को अन्याय से बचाना, सताए जाने से रोकना और दु:ख-वेदना से उसकी रक्षा करना चाहिए।

**57. किनके वचनों को सुनकर परशुराम क्रोधित हो उठे थे?**

उत्तर- लक्ष्मण के व्यंग्यपूर्ण एवं धृष्टता भरे वचनों को सुनकर क्रोधित हो गए थे

**58 'थके पथिक की पंथा' किसके लिए प्रयक्त हआ है? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिाखए।**

उत्तर- यह कवि जयशंकर प्रसाद के लिए प्रयुक्त हुआ है क्योंकि जीवन पथ की कठिनाइयाँ झेलते-झेलते वे थक चुके हैं।

**59. 'माता का अँचल' पाठ में पिता द्वारा खाना खिलाने पर लेखक की मइयाँ उनसे क्या कहती थी?**

उत्तर- लेखक की मइयाँ कहा करती थी-आप बच्चे को खाना खिलाने का ढंग नहीं जानते। बच्चे को भर-भर कौर खिलाना चाहिए।

**60. जार्ज पंचम की नाक को लेकर किसने आंदोलन किए थे?**

उत्तर- जार्ज पंचम की मूर्ति की नाक न भी रहे या हटा दी जाए के संबंध में राजनैतिक दलों ने आंदोलन किए थे।

**61. कृदन्त प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय में क्या अन्तर है?**

उत्तर- कृदन्त प्रत्यय से शब्दांश धातु जो कि अन्त में तथा तद्धित प्रत्यय में जो प्रत्यय संज्ञा शब्दों के अन्त में जुड़ते हैं।

**62. सर्वनाम शब्द किसे कहते हैं?**

उत्तर-- जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर होता है, उसे सर्वनाम कहते हैं।

**63. 'सिर पर चढ़कर बोलना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर– "सिर पर चढ़कर बोलना' मुहावरे का अर्थ–जादुई प्रभाव होना।

**64. 'कोऊ नृप होहि हमें का हानि' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर-- 'कोऊ नृप होहि हमें का हानि' लोकोक्ति का अर्थ-अपने काम से मतलब रखना।

**65. हालदार साहब कैप्टन को देशभक्त क्यों मान रहे थे?**

उत्तर-- एक तो उसका नाम कैप्टन होना तथा मूर्ति पर सुविधानुसार चश्मा लगाना।

**66. बालगोबिन की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष क्या था?**

उत्तर- जब बालगोबिन के पुत्र की मृत्यु हुई तब भी वे संगीत-साधना में लीन थे। उनका यही व्यवहार उनकी संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष था।

**67. लेखक ने नयी कहानी का लेखक किसे कहा ? 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए।**

उत्तर--- लेखक ने लखनवी नवाबों जैसे नजाकत और नफासत वालों को नयी कहानी का लेखक कहा।

**68. लक्ष्मण की किन बातों से परशुराम ने अपना अपमान महसूस किया?**

उत्तर- लक्ष्मण ने परशुराम के बड़बोलेपन का मजाक उड़ाया। भरी सभा में निर्भीक रहकर उन्हें चुनौती देते हुए उनके पराक्रम को ललकारा।

**69. दंतुरित मुसकान से क्या आशय है?**

उत्तर- दंतुरित मुसकान से आशय नन्हें बच्चे की मुसकान से है, जिसके दाँत अभी निकले नहीं हैं।

**70. 'कन्यादान' कविता का वर्ण्य-विषय क्या है?**

उत्तर--- 'कन्यादान' कविता में बेटी के विवाह का वर्णन है जिसमें माँ बेटी को विदा करते समय सीख देती है।

**71. 'माता का अँचल' उपन्यास में कब का घटनाक्रम अंकित है?**

उत्तर- 'माता का अंचल' उपन्यास का घटनाक्रम उन्नीस सौ तीस के दशक का है ।

**72. सभापति ने जॉर्ज पंचम की मूर्ति में लगे विदेशी पत्थर के बारे में जानकर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की? 1**

उत्तर- सभापति ने तैश में आकर कहा कि भारत में विदेशी पत्थर क्यों उपलब्ध नहीं हैं, जबकि भारत विदेशों की सारी चीजों को अपना चुका है।

**73. सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया में क्या अन्तर है?**

उत्तर-- जब क्रिया का फल कर्ता के अलावा, कर्म पर पड़े तो अकर्मक कि और जब क्रिया का फल कर्ता पर पड़े तो अकर्मक क्रिया होती है।

**74. विशेषण किसे कहते हैं?**

उत्तर- जो शब्द संज्ञा या सर्वमान की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें विशे कहते हैं।

**75. 'हुड़दंग मचाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- 'हुड़दंग मचाना' मुहावरे का अर्थ है–'अशान्ति फैलाना'।

**76. 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर– मूर्खो में थोड़ा ज्ञान वाला भी आदर पाता है।

**77. बालगोबिन भगत का आत्मसम्मान किस बात से प्रकट होता है।**

उत्तर- बालगोबिन गृहस्थ संत थे इसलिए गंगा-स्नान चले जाते किसी से माँग कर नहीं खाते थे।

**78. लेखक को नवाब का कौनसा बदला हुआ भाव अच्छा नहीं लगा?**

उत्तर- लेखक को देखकर अनमने भाव से उनका खिड़की के बाहर देखना फिर भाव लक्ष्य कर खीरा के लिए पूछना अच्छा नहीं लगा।

**79. लेखिका को साहित्यिक दुनिया से किसने परिचय कराया?**

उत्तर-- लेखिका को उनकी अध्यापिका शीला अग्रवाल ने साहित्य से परिचय कराया।

**80. पन-चकरी से क्या आशय है? 'सूरदास' पाठ के आधार पर लिखिए।**

उत्तर- मन में जिसके चक्कर लगते रहते हैं अर्थात् जिनका मन अस्थिर, चंचल रहता है।

**81. कवि जयशंकर प्रसाद अपनी दुर्बलता क्यों नहीं कहना चाहते?**

उत्तर- क्योंकि लोग उन दुर्बलताओं का उपहास उड़ाते हैं इसलिए रहना नहीं चाहते हैं।

**82. 'फसल' कविता में कवि क्या कहना चाहता है?**

उत्तर- "फसल' कविता में कवि कहना चाहता है कि फसलों को उगाने, बढ़ाने में सभी का सहयोग अपेक्षित होता है।

**83. बचपन में भोलानाथ का अपने पिता के साथ कैसा जुड़ाव था?**

उत्तर- बचपन में भोलानाथ का अपने पिता से गहरा जुड़ाव था। वह पिता के साथ रहकर ही उनके साथ शरारत करता था।

**84. नई दिल्ली की कायापलट क्यों होने लगी थी?**

उत्तर- भारत सरकार रानी एलिजाबेथ के आगमन पर उनका शाही सम्मान करना चाहती थी इसलिए उनके स्वागत में दिल्ली की कायापलट होने लगी थी।

**85. कर्तवाच्य और कर्मवाच्य में क्या अन्तर है?**

**उत्तर-** कर्तृवाच्य में क्रिया का प्रयोग कर्ता के अनुसार होता हैं जबकि कर्मवाच्य में क्रिया का प्रयोग कर्म के अनुसार होता है।

**86. लघुता वाचक प्रत्यय किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** जिस प्रत्यय में लघुता या न्यूनता का बोध होता है, वे लघुतावाचक प्रत्यय कहलाते हैं।

**87. 'आँखें भर आना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर-** 'आँखें भर आना' मुहावरे का अर्थ–आँसू आ जाना।

**88. 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर-** 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का अर्थ–बिल्कुल निरक्षर।

**89. कैप्टन मूर्ति का चश्मा बार-बार क्यों बदल देता था?**

**उत्तर-** कैप्टन चश्मा बेचने के साथ देशभक्त भी था। इसलिए वह नेताजी की बिना चश्मे वाली मूर्ति पर कोई न कोई चश्मा लगा देता था।

**90. बालगोबिन गृहस्थ संत थे, फिर उन्हें भगत क्यों कहा जाता था?**

**उत्तर--** बालगोबिन गृहस्थ संत थे, उनका आचरण, सोच और उनकी प्रवृत्ति साधु-संतों जैसी थी।

**91. लेखक ने क्या सोचकर सेकण्ड क्लास का टिकट लिया था? लखनवी अंदाज पाठ के आधार पर लिखिए।**

**उत्तर-** लेखक ने भीड़ से बचने के लिए, एकान्त में नयी कहानी के संबंध में सोचने के लिए तथा प्राकृतिक दृश्य देखने के लिए सेकण्ड क्लास का टिकट लिया था।

**92. 'मरजादा न लहि' किसके लिए कहा गया है? 'सूरदास' पाठ के आधार पर लिखिए।**

**उत्तर---** मरजादा अर्थात् मर्यादा सूरदास पाठ में कृष्ण के लिए कहा गया है, जिन्होंने प्रेम की मर्यादा नहीं रखी।

**93. सेवक के सम्बन्ध में परशुरामजी ने क्या कहा है?**

**उत्तर--** परशुरामजी ने कहा है कि सेवक वही है जो सेवा करे, शत्रु कर्म करके जो युद्ध करे, वह सेवक नहीं है।

**94. फागुन मास में कौनसी ऋतु का आगमन होता है?**

**उत्तर-** फागुन मास में ऋतुओं के राजा कहे जाने वाले वसंत ऋतु का आगमन होता है।

**95. जॉर्ज पंचम की नाक कहानी में भारत सरकार की किस मनोवत्ति पर व्यंग्य किया गया है।**

**उत्तर–** जॉर्ज पंचम की नाक कहानी में भारत सरकार की राजनीतिक कमजोरी एवं सामन्तशाही मनोवृत्ति पर व्यंग्य किया गया है।

**96. पताकाएँ बौद्ध संस्कृति की पहचान हैं? कैसे?**

**उत्तर---** जब किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु हो जाती है तब उसकी आत्मा की शान्ति के लिए एक सौ आठ श्वेत पताकाएँ निर्जन स्थान पर फहरायी जाती हैं।

**97. संज्ञा और सर्वनाम में क्या अन्तर है?**

उत्तर-- संज्ञा द्वारा उसी वस्तु का बोध होता है जिसका वह नाम है परन्तु सर्वनाम में पूर्वा पर संबंध के अनुसार किसी भी वस्तु का बोध हो सकता है।

**98. सर्वनाम शब्द की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर-- जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उसे सर्वनाम कहते हैं।

**99. 'थू-थू करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।**

उत्तर- 'थू-थू करना' मुहावरे का अर्थ-अपमानित करना है।

**100. 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।**

उत्तर-- 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' लोकोक्ति का अर्थ-अधिक मेहनत या लाभ कम है।

**101. बालगोबिन की पुत्रवधू की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।**

उत्तर- बालगोबिन भगत की पुत्रवधू सुन्दर, सुशील एवं प्रबन्धिका के गुणों से युक्त थी।

**102. 'लखनवी अंदाज' पाठ में लेखक रेलगाड़ी के किस डिब्बे में क्या सोचकर चढ़ा?**

उत्तर- लेखक नयी कहानी के कथानक तथा प्राकृतिक दृश्यों के अवलोकन हेतु खाली डिब्बा समझ सेकण्ड क्लास में चढ़ गया।

**103. 'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका के व्यक्तित्व पर किन दो व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा?**

उत्तर-'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका के व्यक्तित्व पर उसके पिताजी तथा प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का प्रभाव पड़ा।

**104. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गयी है?**

उत्तर- उद्धव के व्यवहार की तुलना जल में रहने वाले कमल के पत्तों से तथा जल में पड़ी तेल की गगरी से की गयी है।

**105. परशुराम किसके कुल के घोर शत्रु माने जाते हैं?**

उत्तर--- पाठ के आधार पर परशुराम क्षत्रियों के कुल के घोर शत्रु माने जाते हैं।

**106. प्रकृति किन-किन रूपों में फसलों को आकार देती है?**

उत्तर--- प्रकृति हवा, पानी एवं सूर्य के ताप द्वारा फसलों को आकार देती है।

**107. 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए लेखक का बचपन में किससे अधिक जुड़ाव था?**

उत्तर--- लेखक को बचपन में अपने पिताजी से बहुत अधिक लगाव था।

**108. 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए-इंग्लैण्ड की महारानी कौन थी?**

उत्तर- इंग्लैण्ड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय थी। वह अपने पति के साथ भारत पधारने वाली थी।